दिन– सोमवार                                                                                         दिनांक– 02 / 02 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से।                                                                          अवधिः– 15 मिनट

---

01. राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां के अभिभाषण के साथ बिहार विधानमंडल का बजट सत्र आज से शुरू।

02 वित्त मंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव ने विधानसभा में वर्ष दो हजार पच्चीस–छब्बीस का आर्थिक सर्वेक्षण पेश किया।

03. रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा– देश की पहली बुलेट ट्रेन का परिचालन वाराणसी से पटना होते हुए सिल्लीगुड़ी तक किया जायेगा।

04. और, प्रदेश के सभी अंचलाधिकारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर। भू–राजस्व व्यवस्था से जुड़े कामकाज प्रभावित।

---

बिहार विधानमंडल का बजट सत्र आज से शुरू हो गया है। सत्र के पहले दिन राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां ने दोनों सदनों–विधानसभा और विधान परिषद के संयुक्त अधिवेशन को संबोधित किया। राज्यपाल ने अपने संबोधन में कहा कि प्रदेश में कानून का राज है। सरकार सामाजिक न्याय के साथ विकास पथ पर अग्रसर है।

–––बाइट–––

राज्यपाल ने राज्य सरकार की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए कहा कि सरकार महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के लिए लगातार काम कर रही है। मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत जिन महिलाओं का रोजगार अच्छा चलेगा उन्हें दो लाख रुपये तक की अतिरिक्त वित्तीय सहायता दी जायेगी।

–––बाइट–––

राज्यपाल ने कहा कि बिहार के विकास में केन्द्र सरकार का पूरा सहयोग मिल रहा है और इसके लिए वे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार जताते हैं।

–––बाइट–––

---

इधर, राज्यपाल के अभिभाषण के पूर्व विधानसभा में अध्यक्ष प्रेम कुमार और विधान परिषद में सभापति अवधेश नारायण सिंह के प्रारंभिक संबोधन के साथ सत्र की शुरूआत हुई। सत्र की कार्यवाही शुरू होने से पहले विपक्षी सदस्यों ने विधानमंडल परिसर में कानून व्यवस्था की स्थिति को लेकर प्रदर्शन किया। विपक्षी सदस्य नीट की तैयारी कर रही एक छात्रा की पटना में संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत की निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर नारेबाजी कर रहे थे।

---

विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने कहा है कि राज्यपाल के अभिभाषण में सरकार की किसी ठोस उपलब्धि का जिक्र नहीं है। विधानसभा परिसर में संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने राज्य में कानून व्यवस्था की बिगड़ती स्थिति को लेकर सरकार पर सवाल खड़े किये।

———बाइट———

---

वित्त मंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव ने आज विधानसभा में बिहार आर्थिक सर्वेक्षण दो हजार पच्चीस–छब्बीस पेश किया। बाद में संवाददाताओं से बातचीत में श्री यादव ने कहा कि विवेकपूर्ण राजकोषीय प्रबंधन के कारण राज्य की वित्तीय स्थिति मजबूत हुई है। उन्होंने कहा कि बिहार देश की सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्थाओं में एक है। श्री यादव ने बताया कि राज्य तेरह दशमलव एक प्रतिशत आर्थिक विकास दर के साथ देशभर के बड़े राज्यों में दूसरे स्थान पर है।

———बाइट———

---

श्री यादव ने बताया कि वित्तीय वर्ष दो हजार चौबीस–पच्चीस में राज्य की आर्थिक वृद्धि दर आठ दशमलव छह प्रतिशत रही। वहीं, प्रति व्यक्ति आय बढ़कर छिहत्तर हजार चार सौ नब्बे रुपये हो गई है।

———बाइट———

वित्तमंत्री ने कहा कि राज्य की कुल राजस्व प्राप्ति दो लाख अठारह हजार करोड़ रुपये हो गई है, जो आर्थिक मजबूती का संकेत है। श्री यादव ने बताया कि राज्य की अर्थव्यवस्था में प्राथमिक क्षेत्र की हिस्सेदारी इक्कीस दशमलव नौ प्रतिशत से घटकर अठारह दशमलव तीन प्रतिशत और तृतीयक क्षेत्र की हिस्सेदारी सत्तावन प्रतिशत से घटकर चौवन दशमलव आठ प्रतिशत रह गई है। उन्होंने कहा कि यह परिवर्तन राज्य की अर्थव्यवस्था में बढ़ते विविधीकरण को दर्शाता है।

---

आर्थिक मामलों के जानकार सुधांशु कुमार ने कहा कि वित्तीय वर्ष दो हजार पच्चीस–छब्बीस के आर्थिक सर्वेक्षण में बिहार की विकास दर राष्ट्रीय औसत से अधिक है जो राज्य की आर्थिक प्रगति को दर्शाता है। आकाशवाणी समाचार से बातचीत में श्री कुमार ने कहा कि सर्वेक्षण में विकसित बिहार के लक्ष्य को प्राप्त करने की सरकार की प्रतिबद्धता की झलक दिखती है।

–––बाइट–––

---

बिहार विधानमंडल में कल वित्तीय वर्ष दो हजार छब्बीस–सत्ताईस का बजट पेश किया जायेगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली नवगठित एनडीए सरकार का यह पहला पूर्ण बजट होगा। इस बजट के कई मायनों में महत्वपूर्ण होने की उम्मीद है। एक रिपोर्ट––

–––रिपोर्ट–––

वित्तीय वर्ष दो हजार छब्बीस–सत्ताईस का बजट आकार तीन लाख अस्सी हजार करोड़ रूपये होने की सम्भावना है। इस बार के बजट में मुख्य रूप से सात निश्चय तीन पर सरकार का फोकस रहेगा। राज्य के विकास और बजट आकार में बढ़ोतरी के साथ गैर योजना स्थापना और प्रतिबद्ध खर्च में बढ़ोतरी हो रही है। साथ ही बड़े पैमाने पर विभिन्न विभागों में नियुक्तियों का भी प्रस्ताव है। इसके चलते बजट में वेतन–पेंशन मद में बढ़ोतरी की सम्भावना जतायी जा रही है। इसके अलावा सरकार का मुख्य फोकस औद्योगिक विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, ग्रामीण विकास, रोजगार, महिला सशक्तिकरण और आधारभूत संरचनाओं के निर्माण पर होने की सम्भावना है। साथ ही लोगों की निगाहें उन घोषणाओं पर भी टिकी हैं, जिनसे उनके जीवन स्तर सुधार हो। समाचार कक्ष से कामिनी ठाकुर।

---

बिहार विधानमंडल के बजट सत्र को लेकर आज पटना में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में एनडीए विधानमंडल दल की बैठक हुई। बैठक की जानकारी देते

हुए संसदीय कार्यमंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री ने सभी सदस्यों से सत्र के दौरान सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की है।

---

पटना की एक अदालत ने मोकामा से जदयू विधायक अनंत कुमार सिंह को विधायक की शपथ लेने की अनुमति प्रदान कर दी है। वे दुलालचंद यादव की हत्या के मामले में पिछले तीन महीने से जेल में बंद हैं।

---

देश की पहली बुलेट ट्रेन का परिचालन वाराणसी से पटना होते हुए सिल्लीगुड़ी तक किया जायेगा। बजट बाद आयोजित संवाददाता सम्मेलन में रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सरकार के इस फैसले से बिहार की अर्थव्यवस्था को नई रफ्तार मिलेगी।

–––बाइट–––

इधर, दानापुर रेलमंडल के डीआरएम विनोद कुमार ने बताया कि बुलेट ट्रेन की गति तीन सौ पचास किलोमीटर प्रति घंटे तक की होगी। उन्होंने बताया कि केन्द्रीय बजट में घोषित वाराणसी से सिल्लीगुड़ी हाई स्पीड एलिवेटेड रेल कॉरिडोर पटना होते हुए गुजरेगी।

–––बाइट–––

---

राज्य के सभी अंचलाधिकारी आज से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गये हैं। अनुमंडल राजस्व पदाधिकारी के नये पद सृजित करने के राज्य सरकार के फैसले के विरोध में अंचलाधिकारियों ने हड़ताल पर जाने का फैसला किया है। हड़ताली कर्मियों का आरोप है कि सरकार के इस फैसले से प्रशासनिक संतुलन बिगड़ेगा और अंचल स्तर पर काम कर रहे अधिकारियों की भूमिका कमजोर होगी। इधर, अंचलाधिकारियों की हड़ताल के कारण भू–राजस्व व्यवस्था से जुड़े कामकाज प्रभावित हुए हैं।

---

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति की इंटरमीडिएट वार्षिक परीक्षा आज से शुरू हो गयी है। बोर्ड के अध्यक्ष आनंद किशोर ने बताया कि प्रदेशभर में एक हजार सात सौ बासठ परीक्षा केंद्रों पर तेरह लाख सत्रह हजार से अधिक परीक्षार्थी शामिल हो रहे हैं।

---

मौसम विभाग ने कल कैमूर और रोहतास समेत राज्य के दक्षिण–पश्चिम हिस्सों में बारिश की संभावना जताई है। विभाग ने कहा है कि कल सुबह राज्य के उत्तर–पश्चिम भाग में घना कोहरा छाये रहने की भी संभावना है।

–––बाइट–––

---

आकाशवाणी का दरभंगा केन्द्र आज अपना पचासवां स्थापना दिवस मना रहा है। इस अवसर पर केन्द्र की ओर से कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है।

---

01. राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां के अभिभाषण के साथ बिहार विधानमंडल का बजट सत्र आज से शुरू।

02 वित्त मंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव ने विधानसभा में वर्ष दो हजार पच्चीस–छब्बीस का आर्थिक सर्वेक्षण पेश किया।

03. रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा– देश की पहली बुलेट ट्रेन का परिचालन वाराणसी से पटना होते हुए सिल्लीगुड़ी तक किया जायेगा।

04. और, प्रदेश के सभी अंचलाधिकारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर। भू–राजस्व व्यवस्था से जुड़े कामकाज प्रभावित।

---

समाप्त